सकारात्मक स्पंदन पुष्टि संस्करण



VIBRANT PUSHTI

बस चल रहा हूं - जो राह पर - जो चल रहे थे - चल रहा था - चलता रहता था।

बस सुन रहा हूं - जो सुनते रहते है - जो सुना रहते है - जो सुना रहे थे।

बस कह रहा हूं - जो कह रहे है - जो कहते रहते है - जो कह रहे थे - जो कहते रहते थे।

बस जान रहा हूं - जो जान रहे है - जो जनाते रहे है - जो जना रहते थे - जो जानते रहते थे।

जन्म धरा - तो यही किया - वही किया - जो करते है - कहते है - सुनते है - बस! करते रहे 🙏

एक घरेड - एक ढसेड - एक हसेड - एक बसेड 🙏

क्यूंकि मेरे माता - पिता - मेरा सिंचन - मेरे संस्कार - मेरी शिक्षा - हमारे व्यवहार - हमारा धर्म 🙏

यही जीना - यही रहना - यही मरना 🙏

सोच लें! यही ही है ना!

तो मैं क्या! मैं कौन! बस एक चलता फिरता भटकता मुसाफिर🙏

सोच लें!

Vibrant Pushti

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

ख़ाली हाथ आएं है
ख़ाली हाथ जाते है
बस बीच का समय
जो कहां कहां ले जाते है!

कुछ तो है यह बीच समय का रहस्य
जो उलझ गए तो फिरते रहो जनम जनम
जैसे ख़ाली हाथ आएं ख़ाली हाथ जाएं
बार बार लटकते आएं जाएं

आज के गुरु कहे ऐसा
आज के माता पिता कहे ऐसा
आज के समाज कहे ऐसा
ऐसा ऐसा में खो गए ऐसा
ऐसा ऐसा में छूट गया ऐसा
ऐसा ऐसा में भूल गए ऐसा
ऐसा ऐसा में तुट गया ऐसा
बस! जीते जाएं
राम बोलो भाई राम
न कोई बलिदान न कोई त्याग
न कोई संस्कार सिंचन
न कोई विद्या दान
बस! हर किसी का लेना ही लेना
जन्म जीवन मृत्यु को फेरना ही फेरना
🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷
“Vibrant Pushti “
" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

" मन "

मन जानती हो?

मन - माना तो जग जीता

मन - पाया तो श्री प्रभु पाया

मन - उलझा तो जीवन उलझा

मन - स्थिर शांति शांति और शांति

मन - तुटा सबकुछ वैर विखेर

मन - रंगा हर पल रंगीन

मन - चंगा कथरोट में गंगा

मन - प्रेमी - आत्मा प्रिय

मन - शुद्ध - कर्म विशुद्ध

मन से ही पूर्णता - मन से ही अपूर्णता

मन से मानव - मन से माया

मन से मनुष्य - मन से भविष्य

मन से मुश्किल - मन से मुक्ति

मन से महान - मन से धनवान

मन से मलाल - मन से मुस्कान

मन से मंदिर - मन से मूर्त

मन से मोहब्बत - मन से नफ़रत

सच! मन से सत्य - मन असत्य

🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

मेरा मन तुझे नमन 🙏

🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

“Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

बहुत घूम घूमकर बहुत समझ समझ कर जीवन का हर पहलू - हर परिस्थिति - समय की परिवर्तता को पहचान कर एक ज्ञानी और आध्यात्मिक उच्च संस्कारित धनी व्यक्ति अपना जीवन शांति और आनंदमय लुट और लुटाकर जी रहा था।

कुटुंब-समाज और मित्र गणों को स्व जीवन की योग्यता का परिचय देता जी रहा था।

न कोई कक्षा का घमंड - न कोई विद्या का अभिमान - न कोई सामाजिक स्थान की अपेक्षा - न कोई व्यक्तिगत अधिकार 🙏

बस! जीना है साथ साथ - राम राम राम करते और आनंद करवाना है कृष्ण कृष्ण करते 🌷

बिलकुल अनोखा जीवन संसार 👍

क्या अपना भी ऐसा ही जीवन हो ऐसा एकांत में सोचते और विचार करते रहते है। 🙏

हां! ऐसा अवश्य हो सकता है - जो हम ओरों को लिए करें और अपने मन को किसी निम्नता में न बहकावे 🙏

जीवन मधुर - साथी प्रचूर सुखमय

जीवन रंगीन - कुटुंब कलात्मय

सच में जन्म जीवन सफल 🙏

चाहे सीताराम कहो - चाहे राधेश्याम

जग में सुंदर है यही काम बोलो राम राम राम

बोलो श्याम श्याम श्याम 🌷🙏🌷

" Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

चार साल का बालक जो संयुक्त कुटुंब में रहता है, अनेक प्रकार की परिस्थितियों, बातचीत, कुटुंब कलह के बीच उन्होंने एक ऐसी बात कहीं की आज के कौटुंबिक समय की अनोखी शिक्षा है🙏

दादा! मुझे भूख लगी है कुछ फल लेते है

दादा - चोक्कस! चलो

दादा और पोता दोनों चलते चलते फल की दुकान पर पहुंचे और

दादा ने दो फल हाथ में लिए और उनके दाम कितने देना है वह दुकान मालिक को कहने लगे

इतने में पोता बोला - दादा! यह दो नंग फल नहीं! हमें तो चार फल लेने है

एक - दीदी का

एक - मजले भैया का

एक - छोटे भैया का

एक - दोनों छोटे भैया का बड़ा भैया मेरा

हम चार हुए तो - चार लो - दो नहीं 🙏

दादा अचंभित हो गए और बोले - बेटा!

तुम्हारे छोटे भैया नहीं खा पाएंगे!

पोता बोला - दादा! मैं और दीदी उन्हें खिलायेंगे!

दादा ने कहा - बेटा! नहीं नहीं! मैं केवल दो ही ले सकता हूं।

पोता प्रणाम करते कहा - दादा! मुझे मेरे दोनों भैया और दीदी का ख्याल रखना है, यह मेरी जिम्मेदारी है 🙏

चार लो तो ही मैं खा पाउंगा 🙏

दादा ने चार के दाम चुकाते हंसते मुख से बाहर निकले, सोचने लगे -

क्या दीपक पाया है मैंने!

पोते को मनोमन प्रणाम करते उनकी उंगली पकड़े घर का रास्ते चलने लगें 🙏

🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

" Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण “🌷🙏🌷

" सभ्यता "

एक बुजुर्ग व्यक्ति अपने अनुभवों का निचोड़ की कमाई बचत से अपने कुटुंब के हर सपने पूर्ण करता था। एक दिन वह बाजार में ऐसे ही चलते चलते घूम रहा था, उनमें वह टोयोटा कार के एक शॉ रूम में जा पहुंचा। वहां उन्होंने एक कार देखीं और खरीद ने के लिए उनके सेल्स मैन से बात की तो सेल्स मैन उन्हें देखकर हंसने लगा और कहा - यह कार की कीमत बहुत ऊंची है आप की हैसियत नहीं है कहते कहते हंसने लगा और आसपास खड़े हुए शॉ रूम के साथीयों को कहने लगा - कैसे कैसे लोग बिना हैसियत कार खरीदने आते है! जेब में कोडी दाम नहीं और ख्वाब बड़े महलों का करते है - सब वह व्यक्ति के सामने देखकर हंसते थे, तब वह व्यक्ति ने कहा - आप का मेनेजर को बुलाए क्यूंकि मुझे यह कार खरीदनी है।

सेल्स मैन ने कहा - हमारा समय कीमती है, उन्हें हम ऐसे बिन हैसियत के लोगों के प्रति। समय बर्बाद करना नहीं चाहते! आप फिजूल का समय हमारा बर्बाद न करें🙏

वह व्यक्ति ऐसी बातें सुनकर और मश्करी करते सेल्स मैनो को तिरछी नज़र कर के नीचे उतर गया।

दूसरे दिन दूपेर को वह व्यक्ति फिर वह शॉ रूम आया तो सब सेल्स मैन मश्करी करते कहने लगे क्या अब शॉ रूम खरीदने आए हो?

तब वह व्यक्ति ने अपने पाकीट से पेपर्स निकाला और कहा - हां! यह शॉ रूम मैंने खरीद लिया है - देखो यह पेपर्स! इतने में दौड़ता मेनेजर आया और अपने स्टाफ को कहने लगा - अपना यह शॉ रूम बिक गया है, अभी थोड़ी देर में नया मालिक आएगा, सब शिस्त और सही रहना, नहीं तो नया मालिक हमें नौकरी से निकाल देंगे। सब वह व्यक्ति की ओर आश्चर्यजनक देख रहे थे। एक ने मेनेजर को कहा - सर! नया मालिक कबसे यहां खड़े है। यह हमारे सामने जो खड़े है वहीं हमारे नएं मालिक है। मेनेजर वह व्यक्ति की ओर देखते - हंसते हंसते बोला - अरे मश्करी न करो - वह मालिक आते ही होंगे - सब अपने काम पर लग जाओ और वह व्यक्ति को कहा - आप जाओ - जाओ - सिक्योरिटी इन्हें नीचे उतारो - ऐसे व्यक्ति को शॉ रूम में कभी आने नहीं दो।

इतने में दौड़ता दौड़ता जो व्यक्ति आया उन्होंने देखा तो बोल उठा - मालिक आप! आप दौड़ते दौड़ते क्यूं आएं! मुझे बुला लिया होता! वह व्यक्ति बोला - मेनेजर! वह जो नीचे उतर रहा व्यक्ति को बुलाओ, वह व्यक्ति यह शॉ रूम का नया मालिक है, उन्हें यहां से किसने उतारा?

मेनेजर अचंभित हो गया! आसपास का स्टाफ भी क्षोभित हो गये। पुराना मालिक क्षमा मांगते नया मालिक को कहने लगा - जेन्टल मैन! हमें माफ़ करें🙏 हमसे भूल हो गई है 🙏

मालिक ने कहा - आपने आपके स्टाफ को शिस्त और सम्मान देना नहीं सीखाया है! कोई भी ग्राहक को कैसा व्यवहार करना चाहिए! उनमें इतने संस्कार नहीं है!

पूरा स्टाफ डरने लगे - और कहने लगे - हमसे भूल हो गई 🙏 हमें नौकरी से नहीं निकालना 🙏

नया मालिक ने वही स्टाफ को शिस्त और सम्मान में रहने को सीखाया - आज वह अमेरिका में सबसे अधिक लोकप्रिय टोयोटा कार के मुख्य विक्रेता है। पूरी दुनिया में आज टोयोटा कार नंबर वन कार है।

हर व्यक्ति को शिस्त और सम्मान से देखें तो कोई भिखारी नहीं होगा 🙏

“Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

हां! धर्म अर्थात क्या? 🌷🙏🌷

बहौतो ने खूब खूब अपनाया अपने जीवन और औरों के चरित्रों से अर्थात जो कुछ भी समझाया और अपनाया जाता है अनुभव और चरित्रों से ही 🙏

जो कोई भी जो जानता है - पाता है - समझता है और अपनाता है उसके संकल्प, निश्चय और मान्यता प्राप्त किया प्रेरित आगे आगे कदम उठाए वह अपनी दिशा और मार्ग निर्धारित करता है 👍

यही ही हर एक के जीवन का सत्य है 🙏

अर्थात धर्म का बंधारण ऐसे निर्माण होता है 🙏

अपनी नज़र - अपनी समझ - अपनी विद्धता आधारित धर्म का पालन पोषण होता है। इसमें न तो कोई बल प्रयोग - कोई ज़ोर जबरदस्ती - कोई बंधन - कोई नीति नियमन या जो हुकमी नहीं होती है।

अगर जो हुकमी या जबरदस्ती हुई तो धर्म की परिभाषा बदल जाती है🙏

आज इसलिए धर्म की व्याख्या - धर्म का अर्थ - धर्म की योग्यता - धर्म की समीक्षा - धर्म की समझ बहुत ज़

" शृंगार निहारना "

कोई भी व्यक्ति कैसी भी उम्र का हो - छोटा हो या बड़ा हो शृंगार से वह आकर्षित होगा ही 🌷

कहीं भी कैसी भी स्थली या जगह हो, कोई भी व्यक्ति की नज़र शृंगार ही ढूंढ़ती रहती है🌷

ऐसा क्यूं?

शृंगार प्रिय है - मधुर है - आनंददायक है🌷

यह प्रियता में, यह मधुरता में, यह आनंददायकता में जो संस्कार और सम्मान का गुण संयोजन किया जाएं तो हम गोपी और गोपाल - श्यामा और श्याम हो जाएं🙏

" शृंगार " द्रष्टि - सृष्टि - वृष्टि और पुष्टि से एकाकार 🌷

मन मुग्ध

नैन युक्त

तन शुद्ध

धन विरक्त

जीवन मुक्त

आत्मा प्रेमामृत

अलौकिक - अनोखा - अखंडता - सुसंस्कृत - सुद्रड - सुसंगत - प्रेमाधुर युग🌷

आज इसलिए मीरा होने का मन होता है

आज इसलिए गोपी होने का पण होता है

आज इसलिए सखी होने का भृण होता है

आज इसलिए वृंदावन होने का वृण होता है

🌷🙏🌷 हां! हे प्रिये! श्री कृष्ण: शरणं मम!

" Vibrant Pushti "

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

" एक चुटकी मिट्टी "

नव व्यक्तियों का एक कुटुंब था। दादा दादी - माता पिता - दो भाई एक बहन दो बहू - एक बेटी। गांव की एक नन्ही सी करियाणा की दुकान से हर कोई हंसता, कुदता, पढ़ता और सुखमय जीवन बिताता।

बेटा विज्ञान में स्नातक, दूसरा बेटा नाणाकिय में स्नातक और बहन कोम्युटर में स्नातक। प्रथम बेटो स्कूल में शिक्षक, दूसरा बेटा बैंक में ओफिसर और बहन का विवाह से वह शहर में, बड़ा बेटे की बहू भी विज्ञान में स्नातक, नन्ही सी गुड़िया प्ले स्कूल में पढ़ती। सब हंसते कूदते रमते खेलते आनंद में जीते।

गांव में बीमारी आई पिता और दोनों बेटे चल बसे, रह गए केवल माता, बहू और बेटी। दुकान बिक गईं, नौकरियां चली गई और रह गईं हवेली। दवा - अस्पताल में धन दौलत खर्च हो गए - बहू पर आ गई जिम्मेदारी। नौकरी ढूंढने में नोंचे दुनिया से बैठी घर उमरियां।

शाहुकार को हवेली गिरवी रख कर भगवान आसरे जीवन संभालती बहू को अनेक कष्ट आ पड़े। दिन गुजरते गुजरते कर्ज़ा बहुत बढ़ गया। लाचार माता - लाचार बहू और लाचार नन्ही सी गुड़िया।

एक दिन शाहुकार का बेटा क़र्ज़ का पैसा लेने आया, देखा वह बहू को वह सहमा गया - अरे यह तो मेरे साथ पढ़ने वाली शहर की एक रहिस की लड़की है। उन्होंने ने कहा - बहन! यह कैसा हो गया!

बहू ने कहा - भैया! कुदरती प्रकोप था। कोई कुछ नहीं कर सकता था।

शाहुकार के लड़के ने कहा - बहन! यह हाथ पर ररक्षा का धागा बांध दे, आज से मैं जिम्मेदारी संभालता हूं🙏

भैया ने एक चुटकी बहन के चरणों की मिट्टी ली और चल पड़ा कहीं ओर।

एक महीने के बाद बैंक कर्मचारी बहू के घर पैसा देने पहुंचा तो माता, बहू और गुड़िया अचंभित रह गए। थोड़े समय में सारा कर्ज़ा उतर गया और बहू को भी भैया ने सही और योग्य जगह पर नौकरी पर रख दिया।

एक दिन बहू ने भैया को कहा - भैया! मैं बार बार सोचती हूं कि - आपने मेरे चरणों से एक चुटकी मिट्टी क्यूं लिया और इसका मूल उद्देश्य क्या था?

भैया ने बहन के चरणों में बैठकर कहा - बहन! तु स्त्री है और स्त्री एक ऐसी ज्योत है जो ज्योत से आज सूरज उगता है🙏

धरती सहती है 🙏 नदी उदगमती है🙏

प्रकृति जीवन जीती है🙏

तुम्हारी एक चुटकी मिट्टी मेरी ऐसी शिक्षा और रक्षा है जो मुझे न रोगी - न भोगी और न द्रोही बनाता। मैं सदा मंगलमय ही करता और रहता हूं। यह मेरे जीवन की सर्वोच्च - सर्वोत्तम उपलब्धि है🌷🙏🌷

" Vibrant Pushti "

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

"अच्युताय नमः अनन्ताय नमः गोविन्दाय नमः"

यह मंत्र का अर्थ है - अच्युताय नमः

हम सदा द्रड रहे - निश्चयी रहे - अडग रहे - नि:संकोच रहे - स्थिर रहे🙏

अनन्ताय नमः अर्थात हम स्वयं अनंत है, हम स्वयं पर विश्वास रखें कि मैं जो भी करूं सत्य और सिद्धांत से - चाहे कोई परिस्थिति आएं - संजोग आएं - समय आएं👍

गोविन्दाय नमः अर्थात मेरी सारी अपेक्षाएं, इच्छाएं, मांग, इन्द्रियां सर्वत्र श्री गोविन्द को समर्पण 🙏

इससे मन - चित् एकाग्र रहेंगे

जिसका मन अस्थिर उनका रोग गंभीर

जिसका तन योगी उनका जीवन निरोगी

जिसका धन शुद्ध उनका निर्वाह बुद्ध

जिसका जीवन सरल उनका धर्म सफ़ल

आज का धन

आज का विचार

आज का व्यवहार

आज का स्वर

आज का पैर

आज का धैर्य

आज का वैर

बिन संकल्प - बिन नियमन - बिन कर्म है

पुत्र - पुत्री को समझाओ - व्यर्थ

तुरंत - खेल, संशयी, बिन सोचे तुरंत जवाब, छूपा छूपी, अहंकारी, स्वार्थी, घमंडी, निर्लज्ज, वादविवादी

ऐसा कोई स्पर्श नहीं होगा - केवल शांत सरल🙏

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

" गाली बोलना "

दो मित्र थे - दोनों पढ़ें लिखे और अच्छे संस्कार और परम्पराओं से थे। एक दिन एक मित्र कुछ ऐसा बोल रहा था जो कभी दूसरा मित्र सुन भी न पा रहा था और समझ भी नहीं पा रहा था कि यह मेरा मित्र क्या बोल रहा है!

जो जो शब्द मित्र बोल रहा था - तब तब उनका चेहरा, उनके हांउ भाव, उनकी चेष्टा, आदि से वह अचंभित हो गया! अरे ऐसा मेरा मित्र!

वह मित्र जिसने सुना वह सोचने लगा - अरे यह मेरे मित्र ने जो जो बोला उसका असर कहां कहां और किस किस पर पड़ा!

१. सब सुनते है - हंसते है पर किसीने मन पर और अपने पर नहीं लिया

२. जो बोलता था वह खुद उनका संस्कार और चरित्र बयां कर रहा था जो कहीओं से विपरीत था इसलिए न सुनने जैसे कर रहे थे।

३. जो बोल रहा था - उनसे धीरे धीरे सब दूर हो जाते थे - कहते रहते थे - बकवास करने की उनकी आदत है - उनसे दूर रहो।

४. कौन उन्हें सहारा दे! कोई नहीं - क्यूंकि हर एक को अपनी विद्धता प्यारी है! गाली बोलने से कोई उन्हें विद्वान या समझदार की उपाधि की जगह - उनका कर्म और जन्म जीवन वह भूक्ते! हमें क्या?

५. न कोई उन्हें आर्थिक मदद करें या सही मार्गदर्शन दे! उनके लिए मत सोचो - यह नौटंकी टाईमपास है। ओहहह!

६. न विश्वास - न समझ - न मार्गदर्शन - न साथ 🙏 बस कहने के लिए मित्र! अरे घर में न घुसने दे - बाहर ही बाहर गुटली दांव 🙏

ऐसो के साथ सुबह! नहीं नहीं🙏

ऐसो के साथ दिन की शुरुआत! नहीं नहीं🙏

हमारी साथ जो बैठे वह योग्य होना ही चाहिए👍

मित्रता का सही अर्थ यही है👍

अपना समाज का फरजंद हमसे विशिष्ट होना चाहिए👍

गर्व से कहे - यह मेरा मित्र है 🌷

" Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

एक एक कुटुंब में कोई न कोई पीड़ित है, कोई न कोई दु:खी है, मुश्किलें में है, तकलीफ में है।

हमारे हिन्दुस्थान के घर घर में देख लें, चाहे कोई कितना भी अमीर हो, वैभवी हो, सुख समृद्ध और धन दौलत से प्रचूर हो।

इसका अर्थ इतना तो सत्य है की वैभवशाली होने से, पैसादार होने से दु:ख मीट नहीं सकता।

दु:ख मीट सकता है - चोक्कस👍

मुसीबतों तुट सकती है - अवश्य👍

पीड़िता छूट सकती है - बिलकुल👍

हम सुखमय जी सकते है - चोक्कस🌷

हम शांति से जीवन व्यतीत कर सकते है - अवश्य🌷

हम अपनी इच्छा या अपेक्षाएं इच्छाएं पूर्ण कर सकते है - बिलकुल🌷

कमाल की बात कर रहे हो👍

सत्य और सैद्धांतिकता से कह रहा हूं - हम अवश्य आनंददायक जीवन बिता सकते है🙏

क्रमशः

“Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

२०२४ > २०२५

दुनिया के गणित से एक वर्ष पूर्ण हो रहा है और नया वर्ष का प्रारंभ हो रहा है।

धन दौलत जो सबसे बड़ा कारण है अपने जीवन का

जो भी गणित करेंगे तो तोल मोल से पैसा

जो भी संबंध बनाएंगे तो पैसा

जो भी क्रिया करेंगे तो अनुसंधान पैसा

जो भी द्रष्टि से देखेंगे तो पैसा

जीयेंगे तो पैसा

बस इसलिए हम पीछे है

बस इसलिए हम भटकते रहते है

बस इसलिए हम रखडते रहते है

बस इसलिए हम बिछड़ते रहते है🌷🙏🙏🌷🙏🌷🙏🌷

मुझे किसने कहा

आप नकारात्मक बहुत सोचते है

यह बात पर बहुत गहरी असर हुई🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

गंभीरता से चिंतन किया तो समझ आया कि आज हर कोई केवल वर्तमान को ही मानते है। कल तो मेरे पूर्वजों ने जो जीया वह उनका नसीब - और आने वाला कल में हम है या नहीं - क्या पता!

मेरे मित्रों! हां तो कल नव वर्ष है तो आज उनके आने के लिए क्यूं इतना हर्षोल्लास?

नव वर्ष के लिए तो हमें ऐसी भूमिका तैयार करनी होती है -

* जो सही निर्णय लिए उनमें उत्तमता और योग्यता कैसे हासिल हो।

- जो जो गलती द्रष्टि पात हुई उसका निवारण कैसे हो।

नहीं नहीं ऐस करो - कल जो होगा वह देखा जाएगा!

हम कितने अनुसरणीय है!

* जो वह करते है ऐसा करे

* अरे जो उन्होंने पाया उनमें उनकी सिद्धता कितनी है और भविष्य में वह कितनी प्रबलता से उपर उठने वाले है वह नहीं सोचते!

तय करे नकारात्मक कौन?

दुनिया की हर व्यवहार में वह प्राथमिक

दुनिया के हर नीति नियमन में वह प्राथमिक

दुनिया की हर दुनियादारी में वह प्राथमिक

दुनिया की हर व्यवस्था में वह प्राथमिक

तो हम कहां?

हम केवल अनुकरण में - गुलामी में🙏

हम भी नव वर्ष में कुछ योग्य करने का संकल्प करे और अवश्य करने का निश्चिंत प्रयत्न करने की प्रतिबद्धता अपनाएं तो नव वर्ष हर्षोल्लास से स्वागत करे🙏

" Vibrant Pushti "

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

Happy New Year 🥳🌷🙏🌷

માતા પિતા નું ખરાબ વિચાર્યું - અચૂક રોગિષ્ટ થવાનું છે

ભાઈ બહેન નું ખરાબ વિચાર્યું - અચૂક કંઈક ખોટું થવાનું છે

કાકા કાકીનું ખરાબ વિચાર્યું - અચૂક અકસ્માત થવાનો છે

કુટુંબ નું ખરાબ વિચાર્યું - અચૂક પાયમાલ થવાનો છે

પતિ માટે ખરાબ વિચાર્યું - કુષ્ટ રોગ થવાનો છે

પત્ની માટે ખોટું વિચાર્યું - અચૂક ધન દૌલત જવાની છે

માતા પિતા ની મિલકત ખાવો - અચૂક શાપ લાગવાનો છે

ઇતિહાસ જોઈલો

જેટલો ખરાબ વિચાર કુટુંબ માટે કરશો એટલું જ નજીક ભવિષ્ય બરબાદી નું નજીક આવવાનું છે.

જમો હોટલ લારી નું - જેવા તેઓ જીવે છે તેવું જ જીવન પોતાનું આવશે

કરો ખોદણી એક બીજાની - સદા નફરત પામશો દરેક થી

એટલું ચોક્કસ છે - જેવું વિચારો તેવું જ પામશો.

પિતા નો અર્થ ખૂબ જ ઊંચો છે

માતા નો અર્થ ખૂબ જ ઊંચો છે

પોતે માતા પિતા હોય ને પોતાના માતા પિતા ને તરછોડશો - તમે તમારી બરબાદી ની સજા ભોગવવા ભૂમિકા તૈયાર કરી રહ્યા છો.

અત્યારે ભલે નસીબ થી માતાપિતા ની મિલકતો નો ઉપયોગ અને ઉપભોગ કરો છો પણ તે નસીબ જો સિધ્ધાંત વિરુદ્ધ અને સંસ્કાર વગર કરશો તો કેવા હાલ થશે તે સત્ય નજીક જ છે.

“જય શ્રી કૃષ્ણ “ 🌷🙏🌷

“Principle of Identity “

" स्व चरित्र के सिद्धांत "

बच्चे से जो भी उम्र तक पहुंचें

बाल शाला से स्नातक पर पहुंचें

एक क्षण यह सिद्धांत के लिए सोचा है?

कुटुंब में एक बार जो धारा बही

बस बहाते चलो बहाते जाओ

एक ढंग व्यंग रंग संग चंग तंग

किसे मिले कहां मिले क्यूं मिलें

बस! बहती जाना गंदगी में रंदकी में

जुड़ते जाना मिलते जाना

एक एक करके जीवन धारा में डूबते जाना

नहीं कोई सोचें नहीं कोई टोके नहीं कोई रोके

राम तेरी गंगा मैली हो गईं

कृष्ण तेरी यमुना दूरित हो गई

ऐसे देश धर्मवासी नहाते नहाते🙏🙏🙏🙏🙏🙏🙏🙏

स्व चरित्र का सिद्धांत

जो शिक्षित नहीं - जो ज्ञान नहीं

उन्हें क्या पता भगवान याने कौन?

उन्हें क्या पता धर्म याने क्या?

बस! बैठ जाओ धारा में जो निकट से गुज़रे

चाहे गंदे नाले में जाएं या दूषित पानी में जाएं

एक क्षण सोचना🙏 अगर समय मिलें तो🙏

“Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

" सूरदास " जो चरित्र 🙏

जन्म से अंधे थे, अर्थात वह देख नहीं पाते थे, अर्थात अंधेरा ही अंधेरा - केवल अमावस्या।

उनकी प्रतिभा से कहीं शास्त्रों ने लिखा है वह अंधे थे पर उनके पास दिव्य दृष्टि थी, वह चर्मचक्षुओं से नहीं पर आंतरिक दिव्य चक्षुओं से देखते थे। 🙏

धैर्य और गंभीरता से सोचें - जो व्यक्ति जन्म से अंधा वह कोई भी प्रकार से कैसे देख सकते है?

अरे!

मुकं करोती वाचालम् पंगु चले वटेमार्गु चाल

कृपा श्री संस्कार की जीवन दौड़े भक्ति ताल

गंभीरता से सोचें - इसका अर्थ - इसका रहस्य - इसका वैज्ञानिक स्पर्श - इसका भक्ति आक्रंद वेदना और ज्योत से ज्योत का कोई तो आलिंगन होगा कि उनके दिव्य चक्षुओं उनकी ही सिद्धता से देखते थे।

शास्त्रों तो किसीका लिखा हुआ है जो कल्पना भी हो सकता है - पर आंतर तत्त्व ज्ञान से चिंतन और मनन और मंथन और अध्ययन करने से अनुभूति हो।

आज़ तो अनेकों गुरुओं और कथाकारों है🙏

जो शायद कोई ज्योत जगाएं 🙏

स्व चिंतन अवश्य करें 🙏

" Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण "

" कृष्ण " कारागृह में जन्म धरा! क्यूं?

भगवान है!

परमात्मा है!

ईश्वर है!

परब्रह्म है!

इसलिए। 🌷🙏🌷🙏🌷 नहीं नहीं।

बस वार्ता सुनते है - पढ़ते है - कहते है, पर समझते नहीं।

कोई कहेगा - तुम भगवान के बारे में ऐसा सोचते हो - बोलते हो - कहते हो - लिखते हो! तुम पापी हो - अधर्मी हो - अज्ञानी हो! तुम गुरुओं की अहवेलना करते हो! उनका अपमान करते हो! तुम दोषी हो! तुम्हें विशिष्ट ज्ञानीओं का अपमान करने का हक़ नहीं है!

ओहहह! इतना गुस्सा! बाप रे!

मित्र! कोई बात नहीं🙏

सत्य तो उत्कर्ष से ही निकलता है।

श्री कृष्ण ने कारागृह में जन्म क्यूं धरा?

क्यूंकि वह सत्य है इसलिए उन्होंने कारागृह में जन्म धरा🙏

वह सत्य है - मतलब!

वह सत्य है - इसलिए उन्होंने कारागृह में जन्म धरा🙏

अब आप सोचो 🙏 मेरा चिंतन भी विमर्श करेंगे।

वार्ता - सुनते कहते पढ़ते लिखते नहीं ज्ञान

तो कब करेंगे श्री कृष्ण का ध्यान 🙏

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

" Vibrant Pushti “

" राधे राधे - राधे राधे " ओहहह! कितनी आंत: प्रेम विरह गूंज! जो पुकार अपने प्रियतम परब्रह्म इष्टदेव श्री प्रभु के प्रांगण में अनेकों दर्शनार्थियों की व्याकुलता से उठ रही थी। हर कोई श्री प्रभु की एक झलक पाने के लिए तरस रहे थे - तडप रहे थे। अपनी आंतर विरह पुकार से कह रहे थे - नहीं करवाओ इंतजार - मेरे प्रियतम! मैं आईं तेरे द्वार🙏

इतने में टहल पड़ी - दर्शन आरती के शमा खूल दर्शन खुल रहे है! सारे जिज्ञासुओं में उमंग विभोरता छा गई और हर कोई की नज़र द्वार पर टिकी हुई। द्वार खुला और एक उंची घोष उठी - श्री नाथजी बावा की जय! सब उमड़ पड़े - दौड़ पड़े अपने नयनों में बसाने - अपने मन को तृप्त करने - अपने तन को उर्जित करने और अपने जीवन को धन्य करने 🙏

बस! एक झलक!

जैसे झलक पाईं!

हर कोई रंग रंग!

हर कोई उमंग उमंग!

हर कोई चंग चंग!

हर कोई दंग दंग!

हर एक के मुखड़े पर - एक ही भाष

" आनंद उमंग भयो जय कन्हैया लाल की

नैन मन ह्रदय मधुर भयो जय श्री वल्लभाचार्य जी "

मन मुग्ध - तन तृप्त - धन मुक्त और जन्म सुक्त दर्शन पा कर धीरे धीरे गर्भगृह से बाहर निकल रहे थे। अलौकिक आभा और अनोखी तृप्ता से अपने अपने स्थान पर प्रस्थान कर रहे थे।

बोलो कृष्ण कन्हैया लाल की जय!

बोलो बंसी वाले की जय!

गोवर्धन नाथ की जय!

गिरिराज धरण की जय!

श्याम सुंदर श्री यमुने महाराणी की जय!

बोल श्री वल्लभाचार्य जी की जय!

दंडवत प्रणाम करते करते हुए

एक दूसरे को " जय श्री कृष्ण " करते चल पड़े 🙏

" Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

याद कर ऐसी बातें

जो कटती थी रातें

नजर से दूर है

नयनरम्य से दूर नहीं

पास से दूर है

सांसों से दूर नहीं

तु कहीं भी हो

तु मेरे ख्याल से दूर नहीं

तेरी हर राह में मैं हूं

तेरे हर इरादे में मैं हूं

🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

कृष्ण कृष्ण कृष्ण
नैनों से गाउं कृष्ण
नज़रों से गाउं कृष्ण
पलकों से गाउं कृष्ण
झलक से गाउं कृष्ण
कृष्ण कृष्ण कृष्ण!

मन से गाउं कृष्ण
विचारों से गाउं कृष्ण
एकाग्रता से गाउं कृष्ण
मचलता से गाउं कृष्ण
कृष्ण कृष्ण कृष्ण!

मुखड़े से गाउं कृष्ण
अधरो से गाउं कृष्ण
स्वरों से गाउं कृष्ण
मौन से गाउं कृष्ण
कृष्ण कृष्ण कृष्ण!

प्रेम से गाउं कृष्ण
विरह से गाउं कृष्ण
मिलन से गाउं कृष्ण
ख्यालों से गाउं कृष्ण
कृष्ण कृष्ण कृष्ण!

अंग से गाउं कृष्ण
रंग से गाउं कृष्ण
तरंग से गाउं कृष्ण
संग से गाउं कृष्ण
कृष्ण कृष्ण कृष्ण!

कृष्ण कृष्ण कृष्ण!
कहीं न छूपाउं कहीं न बिसराउं
कभी न छुडाउं कभी न ठुकराउं
कहीं न बहलाउं कहीं न बिखराउं
कभी न तरसाउं कभी न तडपाउं
साथ साथ साथ साथ
हाथों में हाथ हाथ
पास पास पास पास
आतम में पात पात
कृष्ण कृष्ण कृष्ण! 🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷
“Vibrant Pushti “
" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

" स्त्री स्त्री स्त्री "

गहराई से डूबे डूबे और डूबे

युगों से युगों बह गए

स्त्री के लिए कोई न कोई अचंभित बात करते ही है

तत्वचिंतक, तत्वज्ञानी, ऋषियों, आचार्यों, उपासकों, आत्मजनों, धर्मज्ञों, विद्वानों, तपस्वियों, सिद्धिओं और प्रेमीओं।

आस्था, अवस्था, साधना, उपासना और आराधना में ऐसे वैसे और कैसे बस वासना, मोह, मायामें 'काया'

काम काम काम नहीं कोई नाम

पता नहीं अंधे - अंधा - अज्ञान - अविद्या आदि व्याधि और उपाधि।

बस ऐसे ही अनाचार, लाचार, व्यभिचार, दूराचार, भ्रष्टाचार।

पता नहीं ऐसा क्यूं और क्या?

लालसा, अभिलाषा, विलासा,

जो भी ज्ञाता जो कहे तो भी विकार नष्ट न हो तो हम मनुष्य कैसे?

हर निष्कर्ष में उन्हें साधन बनाया और निर्दोष - निर्मोह - ब्रह्मचर्य कौन?

नहीं नहीं नहीं नहीं!

श्री कृष्ण ने राधा की वंदना की

श्री कृष्ण ने राधा को अपनी आह्लादिनी उर्जा ज्ञाना।

गंगा यमुना सरस्वती को हमने जीवन उर्जा स्रोत समझा।

तो सामान्यतः ऐसा क्यूं?

क्रमशः

"Vibrant Pushti "

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

कृष्ण बोलो 🙏

राम बोलो 🙏

अपने मान्यत श्री प्रभु का स्मरण करो

तो भी हैरान - परेशान - दु:खी - दरिद्र - हिन - धूर्त - पापी - दुष्ट - विधर्मी - रोगी - अज्ञानी - निम्न - दोषी - आदि आदि आदि 🙏

नहीं नहीं नहीं नहीं!

ग़लत है

असंवैधानिक है

झूठ है

अनैतिक है

असैद्धान्तिक है

ओहहह!

श्री प्रभु का स्मरण करें

श्री प्रभु की सेवा करें

श्री प्रभु का मार्ग पर चलें

श्री प्रभु के नियमन पर चलें

अरे कौनसा युग! संजोग! समय! परिस्थिति!

अंधश्रद्धा में डूबे वह कभी नहीं बाहर निकले!

🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

“Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

सूर्य का भ्रमण परिवर्तन

धरती का मचलना

सागर का उछलना

हवा का थरथराना

आकाश का रंग बदलना

संकेत है हमें हममें भी परिवर्तन करना🙏

हमारा परिवर्तन

हमारे विचार में

हमारे नीति में

हमारे निर्णय में

हमारे संगत में

हमारे द्रष्टि में

हमारे स्वर में

हमारे सुनने में

हमारे क़दम में

हमारे रंग में

🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

हां! जन्म पाया है तो परिवर्तन प्रमाणिक हो

हां! जीवन पाया है तो परिवर्तन पवित्र हो

हां! निर्णय शक्ति पायी है तो परिवर्तन उत्तम हो

🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

कुंभ का यही संदेश है 🔥

🙏🙏🙏🙏🙏🙏🙏🙏🙏

“Vibrant Pushti “

“जय श्री कृष्ण “🌷🙏🌷

" महाकुंभ " सनातन संस्कृति का अनोखा सागर

श्री शंकराचार्यजी ने अपनी विद्धता से इतनी गहरी, सुशिक्षित, संस्कार विद्या का अनुष्ठान किया है कि ब्रह्मांड की कोई अज्ञानता, अंधश्रद्धा, धूर्तता, पाखंड, और निष्क्रियता जगत के जीवों पर पड़े🙏

महाकुंभ विद्या का ऐसा अनुष्ठान सागर है जिसमें हर जीव डूबकी लगाकर अपने को सरस्वती, गिरि, पर्वत, आश्रम, निरंजन आदि कहीं दिक्षा से शिशिक्षित उपाधि पा कर सारे अज्ञानी, अंधकारी, अशिक्षित जीवों को वैज्ञानिक सिद्धांतों आधारित शिशिक्षित कर के - दोष, पाप, अहंकार, अभिमान, राग, द्वेष, ऊंच-नीच की परंपरा को समाप्त करता है। 🙏

यही तो महाकुंभ की विशिष्टता है, सत्यता है, नग्नता है, आध्यात्मिकता है। 🙏

हम अनेकों बार कहते फिरते है - हमारे ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों, आचार्यों और वैदिकों के पास अदभुत ज्ञान था, आज पाश्चात्य वैज्ञानिकों हमारे सिद्धान्तों आधारित ही संशोधन करते है, और हम!

अज्ञानी, अंधे हो कर सब कुछ गंवाते अपने आपको अंधश्रद्धा की गहरी खाइयों में डूबोते अपनी प्रकृति के साथ ख़ुद को भी बर्बाद करते करते अपने वंशीय जीवन को मूर्ख बनाते छोड़ देते है। 🙏

सोच लो🙏

“Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

घर घर सुनेंगे - चौरे चबूतरे सुनेंगे
मेरे पूर्वज यह थे - मेरे धर्म गुरु यह थे
उन्होंने ऐसा किया तो हम ऐसे है
उन्होंने ऐसा समझाया तो हम ऐसे है🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷
अच्छा तुम पढ़ें लिखे और स्नातक हुए
तुम्हें सही ग़लत की समझ है
क्यूंकि बार बार बोलते फिरते हो
ऐसा किया होता तो!
ऐसा करते तो!
शाबाश! कितना अच्छे विचार पाएं है
अवश्य वह ऐसा करे - हिम्मत धरे
अपने आपको सत्य और सिद्धांत पर खड़ा होता करे
अवश्य हममें योग्यता आएगी
अवश्य हम विश्वास से जीवन घडतर करेंगे
अवश्य हम सिद्धांतों की ओर गति करेंगे
अवश्य हम अनेकों संशोधनों से जीवन चरित्र उत्तम बनाएंगे
हम स्वावलंबी, बुद्धिजीवी भारत का निर्माण करेंगे
राम कृष्ण बुद्ध जैसे होंगे तो घर घर आनंद परमानंद
मन शुद्ध जीवन पवित्र
तन मेहनती धन निर्मल
न रोग लगेगा न भोग आएगा
प्रवृत्ति विवेकी प्रकृति महकी
सारा जीवन सुख खुश हाल
चलो कदम बढ़ाएं अपनी विद्धता का🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷
“Vibrant Pushti “
" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

स्नान - ब्रह्ममुहुर्त स्नान - कुंभ स्नान - यात्रा स्नान ऐसे कितने स्नान जो हमारी मान्यता से, धार्मिक ऋढिचुस्तता से और आद्यात्मिक स्नान से यह स्नान सर्वोच्च स्नान है🙏
कभी यह स्नान का स्मरण करते करते जीवन का यह स्नान का अमृत जो हमने पिया है वह अपने माता पिता को कभी ऐसा अमृत स्नान किया है?

यह स्नान अनेकों कुंभ स्नान से सर्वोत्तम है🙏

“Vibrant Pushti “.

“जय श्री कृष्ण 🌷🙏🌷

भगवान 🙏

ईश्वर 🙏

श्री प्रभु 🙏

परब्रह्म 🙏

परमात्मा 🙏

विधाता 🙏

विश्वात्मा 🙏

सर्वात्मा 🙏

पूर्णात्मा 🙏

प्रेमात्मा 🙏

परमअंश 🙏

कितना अदभूत जो हमारे लिए कण कण में - रज रज में - बूंद बूंद में - तरंग तरंग में - रस रस में उर्जा उर्जा में - ज्योत ज्योत में बस कर हर तरह का ख्याल करे!

कितना अनोखा अखंड प्रेमी सुरक्षित नाता 🙏

है कोई! एक अकेला मधुर बंसी बजाता

🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

“Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

ખૂબ અગત્ય નું વર્તમાન જીવન 🙏

એક નાનું ગામડું આશરે ૧૦૦ માણસો ની વસ્તી. એટલે આશરે ત્રીસ કુટુંબ વ્યવસાય ખેતી અને પશુપાલન નો. આ ત્રીસ કુટુંબ માં એક કુટુંબ એવું કે માતા પિતા દિવસે ખેતી કરે અને સાંજે ગામ નાં મંદિરે ભણવા જાય. કારણકે જ્યારે જ્યારે કોઈ પૂજારી યાત્રાળુ હોય તો તેને મંદિર માં ઉતારો આપી જેટલા દિવસ તે ત્યાં રહે અને જે સત્સંગ કે પૂજા પાઠ કરે અને જે કંઈ જ્ઞાન આપે તે ગામવાસી ભણે. શહેર ગામથી ખૂબ દૂર એટલે ન કોઈ વ્યવસ્થા. ગામવાસી જે ઉગાડે તેના પર નિર્વાહ.

એક દિવસ એક પૂજારી ત્યાં આવી પહોંચ્યો અને તેને જોયું કે આ ગામ બિલકુલ નિર્મળ અને સ્વચ્છ છે. ગામવાસીઓ એ તેમને મંદિર માં ઉતારો આપ્યો અને રોજ સાંજે ગામવાસીઓ ને શિક્ષા પ્રદાન કરે. ગામનાં જે લોકો અને બાળકો શિક્ષા પામે અને જગત જાણે.

એક દિવસ એક કુટુંબ ની નાની દીકરી એ પૂજારી ને તેના જિજ્ઞાસા પ્રશ્નો પૂછ્યા અને પૂજારીજી એ યોગ્ય જવાબ આપ્યા. જે જવાબો થી દરેક ગામવાસી ન્યાય અને સન્માન પૂર્વક જીવન જીવવા નો પ્રયત્ન કરતા.

સમય વિત્યો અને તે દીકરી ૧૦ વર્ષ ની ઉંમર પર પહોંચી ત્યારે પૂજારીજી એ તે કુટુંબ નાં પિતા ને કહ્યું - આ દીકરી ને કોઈ ઉચ્ચ શિક્ષણ આપવા શહેર મોકલો પિતા કહે - શહેર એટલે શું? ઉચ્ચ શિક્ષણ એટલે શું? અમને સમજ નથી. પૂજારીજી એ તેઓને યોગ્ય માર્ગદર્શન આપ્યું અને નિશ્ચિત કર્યા કે હું તમારી અને શહેર નાં શિક્ષણ થી જોડાયેલો રહીશ. અને તે દીકરી ને શહેર માં શિક્ષણ પ્રવેશ મેળવ્યો.

આ વાર્તા માં આગળ કહીશું પણ

૧. આપણે નાના હતા ત્યારે આપણે કેવા હતા

૨. આપણાં માતાપિતા આપણને કેવીરીતે ભણાવતા હતા

૩. આપણે ભણીને શું શીખ્યા અને શું બનવા વિચારેલું.

આજે જો પરણ્યા પછી આપણે આપણા સમય ને

૧. મોબાઈલ જોવા માં

૨. આળસુ બની ને બેસી રહેવા માં

૩. ઘર માં કામ વાળી રાખી ને મોજ મસ્તી કરવામાં

૪. પતિ સાથે સિનેમા અને હોટેલ માં જમવા માં

૫. કોઈ નાનું મોટું કામ કરીને મોટી ધાડ મારવા માં

૬. પતિ મહેનત કર્યા કરે અને આપણે હૈસે દુલ્લા કરીએ

૭. આજે આ રીતે સમાજ ઉભો થઈ રહ્યો છે

શું આપણને લાગતું નથી કે આપણે આપણા જીવનને ક્યાં લઈ જઈ રહ્યા છે!

સમાજ આંધળો છે આપણે નહીં

આમતેમ વાતો કરીને આપણે જ આપણાં પગ પર કુહાડી મારીએ છીએ જે આપણાં બાળકો નાં ભવિષ્ય થી જોઈ રહ્યા છીએ.

આપણને આપણા માતાપિતા એ આ પરિસ્તિથી લાવવા ઉછેર્યા છે? ના

તેઓએ અમૂલ્ય સ્વપ્ના જોઇને પોતાના બાળકોને સીંચ્યા છે. જો આજે તેઓની સામે જ આવા દ્રશ્યો સર્જાય તો તે માતાપિતા ને શું અસર થાય તે વિચાર્યું છે?

તમારો સમય અલગ હતો અમારો સમય અલગ છે!

એક અજુગતો બનાવ આપણને એવી પરિસ્થિતિમાં મૂકી દેશે કે જીવનભર પસ્તાવો.

તે દીકરી શહેર માં આવી ને એને એ કુટુંબ, ગામ અને દેશને ગૌરવ અપાવ્યું.

આ જ સ્વપ્ન દરેક માતાપિતા જોતા હોય છે.

જય શ્રી રાધે! જય શ્રી કૃષ્ણ! 🌷🙏🌷

આગળ પુત્ર માટે 🙏

लहू का बोटल ले कर मैं अपनी त्वरित और बैचैन गति से मेरी गाड़ी आगे बढ़ा रहा था, इतने में चौराहा आया - रेड सिग्नल था, मैंने गाड़ी खड़ी कर दी, और इंतजार करने लगा ग्रीन सिग्नल का। इतने में एक स्कूटर वाला आगे आ कर खड़ा हो गया, ग्रीन सिग्नल हुआ और हम गाड़ी आगे बढ़ा रहे थे पर वह चालक का स्कूटर चल नहीं रहा था, वह गाड़ी की कीक मारता रहा और आसपास देख कर हंसता हंसता अपनी क्रिया में लगा था, हम सब होर्न की छड़ी लगाकर उन्हें साइड पर हटाने की कोशिश कर रहे थे पर वह चालक नहीं नहीं हटा और सिग्नल रेड हो गया, पुलिस आई उन्हें साइड किया और जैसे ग्रीन सिग्नल हुआ और हमें आगे बढ़ाया तब तक पांच मिनट हो चुकी थी, ऐसे वैसे स्पीड बढ़ा कर अस्पताल पहुंचा - डाक्टर बोले जल्दी जल्दी जल्दी! हम जैसे रूम में पहुंचे तो वह पेशंट ने आखिरी सांस ली और चल बसा। डाक्टर ने कहा आप एक मिनट लेट आएं।

मैं बाजु में खड़े हो कर अपने आपको कोसने लगा। यह क्या हो गया!

संभलता संभलता वह स्कूटर वाले को बहुत कोसा!

एक मिनट!

बस यही हादसा किसको नहीं होता होगा!

हर चौराहे पर ऐसी घटनाएं

हर रास्ते पर इधर-उधर चलना

हर व्हीकल इधर-उधर बिना सोचे खड़ी करना

एक मिनट एक मिनट - अभी निकला

अरे अभी कोई नहीं है - ऐसा ही पार्किंग

मैं मेरी जगह खड़ा हूं देखता हूं कौन मुझे हटाएं

न कोई नीति नियम - बस हर कोई अपनी मर्जी से

हर रास्ते - चौराहे - गली गली ऐसा ऐसा ऐसा

हर कोई एक दूसरे को कोसे पर न कोई शिस्त में रहें

बस ऐसे ही चलता - चलता रहे - चलता रहेंगे तो

अगर किसीका कोई मरे - हमें क्या!

नहीं सुधरे - नहीं सुधरेंगे - नहीं सुधारे

कैसा जीवन! कैसे हम! कैसे हम वासी!

स्वछंद - स्वतंत्र - स्वावलंबी!

नहीं नहीं नहीं!

कोई नहीं नियम का पालन करें तो मैं क्यूं करूं

नहीं नहीं नहीं!

कुछ करें - कुछ तो करना पड़ेगा🌷🙏🌷

“Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

कितना गहरा और अनोखा नाता है श्री कृष्ण से

पलकें उठें तो " जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

पलकें झुकें तो " श्री कृष्ण: शरणं मम 🙏

नैनों में बसे तो " राधे राधे " 🌷🌷

नैनों में रमे तो " गोविंद गोपाल " 🙏🌷

अधरो से गुनगुने तो " माधव मोहन " 🌷🙏

अधरो से चुमे तो " लड्डु गोपाल " 🌷🙏🌷

कानों में गूंजे तो " कृष्ण कृष्ण " 🙏🌷🙏

कानों में सूरे तो " राधा कृष्ण " 🌷🙏🌷

हाथ से बजे तो " विठ्ठल विठ्ठल " 🙏🙏

हाथ से उठें तो " गोविंदा गोविंदा " 🌷🌷

जय जगन्नाथ! जय जगन्नाथ! 🌷🙏🌷

अंग से स्पर्शे तो " श्याम श्याम श्याम " 🌷

अंग में बसे तो " कान्हा कान्हा " 🌷🙏🌷

कान्हा कान्हा! बसे है तेरे द्वार तु ले चल गोकुल धाम

" Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

* अनुभव बार बार दोहराना

* मैं अकेला हूं

यह कभी नहीं समझना - जिसने जगत रचा है वह भी अकेला है और जब भी जो पुरुषार्थ करता है - बिना दोहराएं - अकेला अकेला 🙏🌷🙏

हम अंधे और मंदबुद्धि तो है नहीं जो बार बार अंधश्रद्धा और मूर्खता में रहे।

* कभी शर्मिंदा न होना

सिद्धांत से जीएं तो कौन हमें क्या झुकाएं

* न कभी हटना - स्थिर रहना

बार बार कोई ऐसा करें - ऐसा कहें तो भी न डगना - क्यूंकि हम तो सिद्धांत से है - सत्य से है।

🙏🙏🙏

" Vibrant Pushti "

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

हे जगत के परम वैष्णव 🙏
हे मेरे पूज्य माता पिता 🙏
हे जगत आचार्य श्री वल्लभ 🙏
हे जगत धात्री श्री यमुना 🙏
हे जगत पालनहार श्री गोवर्धन नाथजी🙏
आपकी जय जय जय हो 🙏
आपके चरणों में
आपका सेवक का दंडवत प्रणाम 🙏
ख्याल से रक्षण किया 🙏
एक जीव को सुबोध शिक्षण दिया 🙏
एक जीव को वात्सल्य स्पर्श सींचा 🙏

सत्य तो यह है कि जहां जहां जो ककक्षा में हो
यह आंचल 🙏
यह आंगन 🙏
दिशा दशा का मार्गदर्शन से कदम बढ़ाया
अनेकों अनेक जीवात्मा जीवन समझाया
भाई बहन कुटुंब संबंधी ज्ञात जात समाया
पत्नी पुत्री पुत्र पुत्रवधू पौत्री पौत्र बसाया
सुख दुःख योग संयोग आनंद विभोर जताया
द्रष्टि द्रष्टि धुमाएं हर दिशा नजराया
स्वर स्वर सुनते सुनते ज्ञान गंगा बहाया
अक्षर अक्षर पढ़ते लिखते शास्त्र उभाया
क़दम क़दम चलते संसार पार्जन सहाया
सोक्रेटीस शंकराचार्य वल्लभाचार्य ध्याया
जीवन क्षण क्षण रज रज रस रस पीलाया
जो भी हूं दास आपका पुरुषार्थ से दासत्व जगाउं
शरण शरण जगत संसार के अंधकार मिटाउं
आपके दास का नमन स्वीकार करो 🙏
🌷🙏🌷🙏🙏🌷🙏🌷🙏🌷
" Vibrant Pushti "
" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

हम मनुष्य और इनमें एक स्त्री - एक पुरुष 🙏
मां - पिता, पत्नी - पुत्र, बेटी - बेटा, पौत्री - पौत्र।
आत्मनिरिक्षण, आत्मचिंतन, आत्मअनुभूति, से ऐसा है की संसार जीवन जीते जीते हमने स्त्री और पुरुष का भेद करके हम अपने आपको कहां कहां ले गए और क्या क्या करते है और कहां कहां तक पहुंचे और क्या क्या करते रहते है!
अकेले बैठकर अपना खुद का निरीक्षण करना - आप स्त्री हो तो - आप पुरुष हो तो 🙏
मैं मेरी माता से
मुझसे मेरी पुत्री
मेरी पुत्री के विवाह से पौत्री
स्त्री स्त्री स्त्री 🙏
मैं मेरी माता से - मैं पुत्र
मेरा विवाह से - मेरी पत्नी से पुत्री
मेरी पुत्री का विवाह से - मेरी पौत्री
अवश्य👍
अति गहराई से सोचें तो
हर स्त्री तत्त्व को अपने पुरुष तत्त्व से ही अधिक लगाव रहता है 🙏
मां को पुत्र से
पत्नी को पति से
बेटी को पिता से
पौत्री को दादा से
क्यूं?
संसार का सत्य 🙏
संसार की विशुद्धता 🙏
संसार का वैराग्य 🙏
संसार की तपस्या 🙏
संसार की पवित्रता 🙏
संसार का प्रेम 🙏
संसार की वात्सल्यता 🙏
संसार की योग्यता 🙏
संसार की पूर्णता 🙏
संसार की आध्यात्मिकता 🙏
संसार का सत्य 🙏
संसार का पुरुषार्थ 🙏
संसार का परमात्मा 🙏
संसार का विश्वात्मा 🙏 यहां से आविर्भाव - पार्दुभाव - यदाविर्भाव - सायुज्य भाव उत्पन्न होते है।
यही हमारी पुरुषोत्तमता है 🌷🙏🌷
" Vibrant Pushti "
" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

वृंदावन की गलियों से एक प्रेमी कहीं जा रहा था, एक वादा निभाने - एक उमंग लूटाने - एक रंग बिखराने। हंसता मुखड़ा, अंग उछालता, क़दम से क़दम कुदता दौड़ता हुआ। इतने में उन्हें एक गूंज सुनाई दी - हे बांके! वह ठहर गया, आसपास नज़र करने लगा पर कोई उनकी पहचान वाला या उन्हें पुकारने वाला नज़र नहीं आया। वह कदम बढ़ाने लगा, थोड़े ही दूर पहुंचा तो फिर गूंज आईं - बांके! उन्होंने तुरंत वह गूंज की दिशा में नज़र दौड़ाई पर कोई नज़र नहीं आया। अब वह अपने कदम धीरे धीरे बढ़ाएं चलने लगा। थोड़ी ही देर बाद फिर गूंज आईं - बांके! तुरंत नज़र घुमाई पर सब अपनी मस्ती में आ जा रहे थे, कोई उन्हें जानने वाला या पुकारने वाला नज़र में नहीं आया।

वह सोचते सोचते आगे बढ़ ही रहा था और गूंज आईं - बांके! तुरंत उनकी नजर छप्पर पर बैठा - बंदर पर पहुंचीं, वह बंदर हंस रहा था, वह उन्हें देखकर हंसते हंसते चल पड़ा। थोड़े दुर पहुंचा तो फिर गूंज आईं - बांके! वह रुक गया और चारों ओर देखा तो न कोई था वह सिर्फ अकेला ही वह गली में खड़ा था, वह असमंजस में आ गया, अरे मैं अकेला! कहां गए सब? घर के दरवाजे बंध, न कोई चहल पहल! मैं अकेला कैसे हो गया? वह सहमा गया और चारों ओर नज़र दौड़ाई और दौड़ा, चौराहे पर पहुंचा कोई नहीं, बाज़ार बंध, न कोई निवासी नज़र आया। अकेला - अकेला - बिलकुल अकेला। उन्होंने तुरंत अपने कदमों की गति बढ़ाई - चारों ओर नज़र फिराई और चलने लगा, इतने में गूंज आईं - बांके!

वह ठहर गया, अपने आपको स्थिर कर दिया, एक स्पर्श पाया - बांके! मैं कबसे पुकारती हूं और तु दौड़ा चला जा रहा है! कितनी देर से मैं तुम्हारा इंतज़ार करती हूं! उन्होंने चारों ओर नज़र फिराई पर वह केवल वह स्वर सुन रहा था और स्पर्श पी रहा था।

बांके! क्या कर रहे हो? मुझे पहचाना नहीं? क्यूं यहां रुक गए, चलो चलें यमुना के तीर। वह चल पड़ा, कोई उनका हाथ पकड़े चला रहा था। थोड़े ही दूर यमुना का तट था। चलते चलते वही स्थली पर पहुंचे जहां उन्हें पहुंचना था। वह रुक गया - न कोई स्पर्श था, न कोई गूंज थी, अकेला अकेला खड़ा था किसीका इंतजार करता करता।

काफी समय से वह नज़र फिराता - घुमाता यमुना नदी के नीर तरासता खड़ा रहा। उन्होंने अपने खेस में बांधी हुई पैजनीया निकाली और धीरे धीरे नीचे बैठे वह पैजनीया पहनाने की चेष्टा करने लगा, जैसे पैजनीया बंधी वह पैजनीया छम छम ने लगी और वह बांका नाचने लगा।

दोनों स्वरूप प्रकट हो गया - युगल स्वरूप🌷

अपनी धुन में मगन यमुना के नीर में समा गए। 🌷🙏🌷

राधा बांके लाल की जय🌷🙏🌷

यदाविर्भाव आनंद आविर्भवति सर्वत: ।।

तिरोभवन्ति सन्तापास् तं श्रये गोकुलेश्वरम् ।।

श्री वल्लभाचार्य की अनुभूति 🙏

श्री वल्लभाचार्य का प्रज्ञान 🙏

श्री वल्लभाचार्य का वात्सल्य 🙏

अखंड भूमंडलाचार्य वह ऐसे पार्दुभाव हुए जो जीवन का हर काल को यदाविर्भाव आनंद की उपाधि में अनुभूत पाएं 🙏

जो श्री कृष्ण चरित्र से पाया वही उन्होंने ने अपनी विद्व प्रज्ञानता जगत के पुष्टि जीवों के लिए सर्वत: आविर्भव किया 🙏

पुष्टि जीवों प्रत्ये उनका अनोखा वात्सल्य🙏

पुष्टि जीवों में तिरोभाव जागृत करके संसार में ही बसते जीते श्री गोकुलेश्वर को पाया जा सकता है। 🙏

अनोखा प्रमेयात्मक गणित स्व चरित्र से प्रमाणित किया और जहां जहां पहुंचें वहां वहां उन्होंने सिद्ध किया।

यह अनोखा अखंड और अलौकिक आनंद विभोर पराकाष्ठा है जो श्री कृष्ण ने गोपियों में पाईं 🙏

हे श्री वल्लभाचार्य🙏 आपनी कृपा यह दास प्रत्ये बनी रहे 🙏

🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

“Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

फूटपाथ पर चाय पी रहा था, मेरे साथ दूसरे भी कहीं लोग भी चाय पी रहे थे। इतने में कोने पर खड़े दो मित्रों में से एक मित्र ने कहा - मित्र! यार आजकल कुंभ स्नान की चर्चा बहुत है, तो चलो चलें!
उदास चेहरे मित्र बोला - यार! इच्छा तो बहुत है पर परिस्थिति भी बहुत सर पर है, मैं तो हररोज उनका स्मरण करके स्नान करता हूं और धन्य धन्य हो जाता हूं।
पहला मित्र बोला - यह तो चलता रहता है, ऐसा मौका सदी में एक बार आता है। मैं तो अपना मन बना चुका हूं, और आखरी चुस्की लेते वह दोनों चल पड़े अपने रोजिंदा कार्य में, मैं भी चल पड़ा।
कहीं दिन गुज़रे। मैं अपनी चाय की चुस्की में मस्त था, इतने में मेरे कान में पास में बात करने वाले मित्रों में से आवाज़ सुनी - मित्र कैसी रही तेरी कुंभ स्नान यात्रा?
वह मित्र बोला - मित्र! गजब का संस्कृति विद्या सागर है! दोस्त! आध्यात्मिकता का अनोखा संगम है! आत्मा-परमात्मा-आनंद-परमानंद-संसार-वैराग्य-तपस्या-प्राण-जीव-पंचतत्वों की अदभुत पहचान अर्थात - कुंभ स्नान। ओहहह! तु पवित्र और शुद्ध हो कर आया 🙏। हंसते मुखड़े दोनों चल पड़े अपने रास्ते। थोड़े दिन गए आज़ फिर वह मेरी नज़र में आएं, मैंने सोचा वह मित्र भी कुंभ स्नान करके आया होगा। इतने में मैंने सुना - मित्र! यार! तु कहां था? थोड़े दिनों से तु गायब था? आज ही मिलें हम! कुंभ स्नान किया हुआ मित्र ने पूछा।
हां मित्र! जिस दिन तु कुंभ स्नान गया था तब एक ऐसी घटना घटी मैं उनमें कार्यशील था।
अचंभित से कुंभ मित्र बोला - क्या!
हां यार! थोड़े दिन पहले मैं घर से निकला और एक काम से जा रहा था, थोड़े दूर ही पहुंचा था इतने में एक बुजुर्ग दादा दादी रास्ता क्रोस कर रहे थे इतने में एक स्पीड से स्कूटर ने दोनों को टक्कर मारे भाग गया और वह बेहाल में नीचे पड़े थे, मैं फटके उन दोनों को मेरी गाड़ी में बिठाकर होस्पिटल ले गया, तुरंत सारवार हुइ और जब-तक वह स्वस्थ हुए तब-तक उनकी सेवा में था, आज उन्हें छुट्टी मिलेगी।
कुंभ मित्र बोला - ओहहह! तो उस दिन क्यूं नहीं बताया जब मैं कुंभ स्नान से लौटा था?
यार! उस दिन मैं तेरी कुंभ स्नान की बातों में इतना मग्न हो गया था की मैं यह कहना भूल गया।
चल कोई बात नहीं - चल मैं भी तेरे साथ अस्पताल चलता हूं और वह दादा-दादी को मिलूं!
दोनों चल पड़े, मुझे भी मन हुआ वह दादा-दादी को मिलने का - मैं भी उनके पीछे पीछे।
अस्पताल पहुंचा तो देखा - वह दादा-दादी इंतजार कर रहे थे। नज़दीक पहुंचते ही वह कुंभ स्नान मित्र बोला - अरे साधु महात्मा आप! अरे मैंने आप दोनों का हाथ पकड़ कर संगम में डुबकी लगाई थी! आप यहां कैसे? तुरंत दंडवत प्रणाम किया🙏
सब अचंभित हो गए।
साधु महात्मा आशीर्वाद देते बोले - बेटा! जब तु हमें स्नान करवा रहा था तब तुने तेरा यह परम मित्र का स्मरण करते करते डुबकी लगाई तब ही मैं अपनी सिद्धि से तेरे चेहरे पर जो मित्रता का भाव देखकर तेरे मित्र के रास्ते पर जा पहुंचा और उन्हें भी कुंभ स्नान का स्पर्श मिलें। दोनों मित्रों वह साधु महात्मा के चरणों में गिरकर आशीर्वाद पाया और गले लगकर अपने मित्रता के अश्रु संगम में डुबकी लगाएं एक हो गए।
मैं भी त्वरित उनमें शामिल हो कर साधु महात्मा के चरण स्पर्श किए और दोनों मित्रों को गले लगकर कुंभ स्नान के संगम में डुबकी लगाई।
“Vibrant Pushti “
" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

कलयुग - कलयुग का अर्थ जिस तरह से हिन्दू शास्त्रों करते है - कहीं कहीं अनेकों आचार्य करते है पर यही समय यही काल में श्री शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जो जगन्नाथ पुरी के पीठाधीश्वर है, उन्हें कहीओं ने जिजिज्ञासा प्रश्न किया था और हर बार उनका अध्ययन, चिंतन और प्प्रज्ञान वर्धक उत्तर सही दिशा सूचक - मार्गदर्शक और सैद्धांतिक सत्य पूरक है।

ऐसे ही आज के श्री महामंडलेश्वर श्री अवधेशानंद गिरि जी भी कलयुग का सैद्धांतिक सत्य रूप हमें संस्कार दिदिक्षित करते है।

हम भी आज इतनी कक्षा तक तो अवश्य पहुंचे है कि सत्य - सिद्धांत और व्यवहार की संस्कारिता क्या है! हम और ऐसे जीव जो सदा अंधकार, अज्ञान और अंधश्रद्धा में ही खुद डूबे और अपने वंशजों को भी डूबोये।

नहीं नहीं 🌷🙏🌷

मैं एक रॉमन किताब पढ़ रहा था - उनमें समझा की सदियों पहले भी सत्य और सिद्धांत की खातिर खुद को बलि चढ़ा देते थे या खुद के कुटुंब और सामाजिक अनैतिकता में मार देते थे।

सोक्रेटिस, एरिस्टोटल आदि क्या थे?

हिन्दू आचार्यों में श्री शंकराचार्य जी, श्री रामानुजाचार्य जी और कहीं ऋषियों मुनियों आदि और हम आज यह कलयुग के अर्थ अनर्थो में! 🙏

हम स्वयं सत्याग्रही - स्वावलंबी - सत्यनिष्ठ - सैद्धांतिक - सत्यआचरणी - तो कौन-सा कष्ट, कौनसे संजोग, कौनसी परिस्थिति, कौनसे दोष, कौनसी तकलीफ-मुसिबत, पाप, द्रोह, विश्वासघात, चोरी, घमंड, अहंकार, अविद्या आधि व्याधि और उपाधि🙏

हम से है जमाना तो कैसा है हमारा जीवन!

🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷🙏🌷

" Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

मेरा मन - मेरा तन - मेरा धन - मेरा जीवन

अपने आपको ब्राह्मण बनाओ

अपने आपको क्षत्रिय बनाओ

अपने आपको वैश्य बनाओ

अपने आपको क्षुद्र बनाओ

ब्राह्मण अर्थात - विद्याधर बनना है - संस्कार संयमी होना है

क्षत्रिय अर्थात - सिपाही बनना है - वीर निड़र बलिदानी बनना है

वैश्य अर्थात - व्यवहारिक बनना है - नैतिक गुणों सभर बनना है

क्षुद्र अर्थात - पवित्र बनना है - शुद्ध सेवक बनना है

जन्म से वर्ण कुल जो हो पर अपने मन कर्म वचन व्यवहार से यह चारों धर्म स्व में हो तो ही हम मनुष्य 🙏

श्री राम चारों वर्ण में जीये 👍

श्री कृष्ण चारों वर्ण में जीये 👍

श्री बुद्ध चारों वर्ण में जीये 👍

अहंकार अभिमान राग द्वेष ऊंच-नीच मुक्त

मन तन धन जीवन को टटोलें अगर विद्याधर हो

मन तन धन जीवन को टटोलें अगर सुरक्षक हो

मन तन धन जीवन को टटोलें अगर सुशील हो

मन तन धन जीवन को टटोलें अगर सेवक हो

इनमें से कोई नहीं तो वह धूर्त - पापी - दुष्ट - अधर्मी - संशयी - दुराचारी - लंपट - निर्लज्ज - मूर्ख - दोषी - द्रोही है।

यही स्व पहचान, चरित्र, पुरुषार्थ है 🙏

" Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

राम तेरी गंगा मैली हो गईं पापी ओं के पाप धोते धोते 🙏

गंगा जाओ यमुना जाओ जाओ अयोध्या मथुरा 🙏

पर यह सदा हो कर जाना - मैं पवित्र तो मेरी संस्कृति पवित्र 🙏

एक व्यक्ति हररोज मंदिर मंगला आरती का दर्शन कर गली के बाहर चाय की रेकडी पर चाय की चुस्की लगाता कहीं दर्शनार्थियों के साथ गपशप करता अपने काम में लग जाता।

दर्शनार्थियों की गपशप में वह सदा आकुल व्याकुल हो उठता क्यूंकि गपशप में शामिल ज्यादातर दर्शनार्थियों ठठ्ठा मश्करी और असभ्य वार्तालाप करते रहते और वह व्यक्ति टोकता रहता की सुबह श्री प्रभु के दर्शन करे और बाहर आकर असभ्यता!

पर कोई नहीं सुनता और उपर से वह व्यक्ति को और चीड़ चिड़ाते, सब हंसते खुश होते, चाय की चुस्की लेते मोज मस्ती करके बिखर जाते। हररोज का यह क्रम।

एक दिन ऐसा ही ठठ्ठा मश्करी चल रही थी और चाय की महफ़िल चल रही थी वह व्यक्ति के साथ उनका एक मित्र उनके साथ आया था, वह यह देखकर और सुनकर ज़ोर ज़ोर से हंसने लगा, तब वही मंडली भी खुशखुशाल हो गई और फिर तो

थोड़ी देर में चाय की चुस्की पूरी हो चुकी थी और बिखरने की तैयारी कर रहे थे तब वह व्यक्ति का मित्र बोला - मित्रों! आप लोग भाग्यशाली है कि ऐसी मजाक मस्ती कर लेते हो! तब वह व्यक्ति ने टोका और कहा - अरे मित्र! तु इनकी बातों में नहीं आना🙏 वह मित्र बोला - दोस्त! इनके पास जो है वही वह जता रहे है - सबको बांट रहे है! इनसे और क्या उम्मीद कर सकते है! वह जैसे है ऐसे ही जीएंगे! उनका जीवन चरित्र ऐसा ही है, इसलिए तो वह जहां जहां जाते है यही प्रकृति से जीते है इसलिए तो उनका कुटुंब, मित्र गण ऐसे ही होगा।

तुम श्री प्रभु के पास जाते हो तो श्री प्रभु तुम्हें वहीं देंगे जिसका तुम सही में उपयोग और उपभोग करो। यह सबको ठठ्ठा मश्करी और असभ्य वार्तालाप मिलता है चाहे वह योग्यता से विनंती करे या प्रार्थना करे नमन करे या दंडवत प्रणाम करे उन्हें यही मिलेगा जैसे वह है!

इसलिए स्व को असमंजस या नफ़रत से नहीं देखना🙏

" Vibrant Pushti “

" जय श्री कृष्ण " 🌷🙏🌷

" राधे राधे " 🌷🌷🌷
नयनन में राधे राधे🌷
द्रष्टि बिंद में राधे राधे🌷
नजर नज़र में राधे राधे🌷
आंतर चक्षु में राधे राधे🌷
बाह्य चक्षु में राधे राधे🌷
दर्शन में राधे राधे🌷
दर्पण में राधे राधे🌷
मनन में राधे राधे🌷
